तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 10 जुलाई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 बिश्रामपुर-भटगांव खदानों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा ...



## खबर संक्षेप

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर 11 तक

**बलरामपुर।** जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के 2019 से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 09 से 11 जुलाई को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, तहसील कार्यालय शंकरगढ़, तहसील कार्यालय रामानुजगंज, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर एवं एस.आर. परिवहन सुविधा केन्द्र राजपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। दो पहिया वाहन के लिए 466 रुपये, तीन पहिया वाहनों के लिए 528 रुपये, चार पहिया वाहनों के लिए 757 रुपये तथा भारी माल वाहनों के लिए 806 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा परिवहन सुविधा केंद्र में फॉर्म भरने पर 50 रुपये अतिरिक्त शुल्क देय होगा।

### श्रमिक संगठनों ने निकाली रैली, किया विरोध प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** केंद्र सरकार नीतियों के विरोध में बुधवार को ट्रेड यूनियन काउंसिल के आह्वान पर श्रमिक संगठनो ने धरना प्रदर्शन किया एवं रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज ने कहा कि मोदी सरकार आम जनता के साथ छल कर रही है तथा समाज के सभी वर्गों को ठग रही है। सरकार 44 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिता में तब्दील कर श्रमिकों को गुलाम बनाने का षड्यंत्र कर रही है। श्रम कानून में परिवर्तन से कानून का पलड़ा पूंजी पतियों के पक्ष में हो जाएगा। काम का समय बढ़ाकर 12, 15 घंटे करने का कानून बनाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुरूप एमएसपी कानून बनाने की घोषणा की थी लेकिन 4 वर्ष बाद भी इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया है। सरकार कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ भी छल कर रही है। इस दौरान एमआर यूनियन, जीवन बीमा कर्मचारी संघ, बीएसएनएल कर्मचारी संघ, प्रगतिशील पेंशनर संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, एसएफआई, जनवादी नौजवान सभा आदि संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### किशोरी ने अपने कमरे में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** किशोरी ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उसे निजी अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका की मां ने पति व बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्रीपारा निवासी अनन्या कश्यप आ. काशीनाथ कश्यप (14 वर्ष) बीती रात लगभग 10 बजे किराना दुकान से सामान लेकर घर पहुंची और अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे फांसी से उतार निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका की मां सरस्वती ने पति व बेटा पर प्रताड़ित करने की आरोप लगाई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात जांच शुरू कर दी है।

## 7 से 9 जुलाई तक हुए कुल 12 सत्र, सांसद-विधायकों को दिया गया प्रशिक्षण

# भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में तीन दिनों तक चली भाजपा की पाठशाला बुधवार को समाप्त हो गई। तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन में अंतिम दिन राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सभी विधायक व सांसदों को प्रशिक्षण दिया। तीन दिनों में विभिन्न वक्ताओं ने कुल 12 सत्र लेकर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण उपरान्त सभी विधायकों को भाजपा की रीति-नीति के अनुरूप काम करने का लक्ष्य देकर विदा किया गया है।

**खास बात**
- अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

बता दें कि भाजपा की प्रदेश सरकार के सांसद, विधायक और मंत्रियों के लिए 7 जुलाई से तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन मैनपाट में किया गया था। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया जबकि समापन सत्र में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल हुए। तीन दिनों में हुए 12 सत्रों के दौरान सभी सांसद और विधायकों को राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, वी. सतीश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव व विजय शर्मा आदि का विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग के समापन पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने सरगुजा जिले की भाजपा टीम की जमकर सराहना की और बेहतर प्रबंधन के लिए बधाई दी। इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक राजेश अग्रवाल, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अखिलेश सोनी, अम्बिकेश केशरी, संजय अग्रवाल, हरपाल भामरा, संजय गुप्ता, निश्चल सिंह, तजिन्दर बग्गा, विनोद हर्ष, आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, अभय साहू, श्रीराम यादव, अनिल सिंह, रजनीश पाण्डेय, हरि गुप्ता, अमित गुप्ता, संतोष दास, रुपेश दुबे, विकास गुप्ता आदि मौजूद थे।



बीएल संतोष को सरगुजिहा ढोलक (मांदर) देकर सम्मानित करते मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष।


प्रशिक्षण वर्ग में शामिल मंत्री व विधायक।

### महापौर व जिपं अध्यक्ष लौटे वापस

तीन दिवसीय सत्र के अंतिम दिन प्रदेश के सभी महापौर और जिला पंचायत अध्यक्षों को भी शिविर में शामिल होना था। शिविर में शामिल होने के लिए प्रदेशभर के मेयर और जिपं अध्यक्ष सरगुजा पहुंच गए थे लेकिन उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। अंतिम दिन मेयर और जिपं अध्यक्षों का सत्र नहीं हुआ। ऐसा इसलिए क्यों कि समापन में देश के गृह मंत्री अमित शाह सभी को अपना मार्गदर्शन देने वाले थे लेकिन मंगलवार को ही केन्द्रीय गृह मंत्री के सरगुजा का दौरा रद्द हो गया था। इसके पीछे की मुख्य वजह नहीं बताई गई लेकिन केन्द्रीय गृह मंत्री के नहीं आने के कारण उनका सत्र नहीं हुआ।

### प्रशिक्षण ही भाजपा की रीढ़ है, यही हमारी कार्यशैली की पहचान है : सीएम

मैनपाट में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन उपरान्त प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने प्रशिक्षण वर्ग को अत्यंत उपयोगी बताते हुए प्रदेश भाजपा को आयोजन हेतु बधाई दी तथा इस महत्वपूर्ण आयोजन में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं और व्यवस्था में लगे सभी दायित्ववानों के प्रति आभार प्रकट किया। सीएम श्री साय ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि निरंतर अभ्यास और प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति का एक मजबूत स्तंभ है। पार्टी में मंडल इकाई से लेकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी तक नियमित प्रशिक्षण की परंपरा है, जिससे कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को न केवल संगठन की रीति-नीति, कार्यक्रम और कार्ययोजना की जानकारी मिलती है, बल्कि समसामयिक विषयों पर भी गहन मार्गदर्शन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि मैनपाट प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय नेताओं और विषय विशेषज्ञों के विविध सत्रों के माध्यम से सांसदों और विधायकों को उनके दायित्व निर्वहन में सहायक अमूल्य मार्गदर्शन मिला। यह प्रशिक्षण हमें अपनी कार्यशैली को और अधिक प्रभावी, समन्वित और जनसेवी बनाने में सहायता करेगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्गों में कार्यकर्ताओं का एक साथ रुकना, रहना, सहभोज करना-आपसी समझ और सामूहिकता की भावना को गहराता है। इससे न केवल संगठनात्मक समरसता बढ़ती है, बल्कि एक परिवार के रूप में पार्टी का भाव भी सुदृढ़ होता है। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागी राष्ट्रीय नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने व्यस्त समय में से इस प्रशिक्षण हेतु समय निकालकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान और मार्गदर्शित किया। साथ ही उन्होंने सरगुजा संभाग, विशेषकर सीतापुर विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं, आयोजन समिति और सहयोगी समूहों को आयोजन की सफलता हेतु बधाई दी।



## एनएच की जर्जर सड़क को लेकर युवक कांग्रेस ने किया चक्का जाम, प्रदर्शन

**राजपुर।** एनएच 343 पर अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच जर्जर सड़क व लगातार शिकायतों के बाद भी कोई सुधार नहीं होने के बाद बुधवार को युवक कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। युकां जिला अध्यक्ष ब्रिजेश यादव के नेतृत्व में युकां पधादिकारी व कार्यकर्ताओं ने एनएच पर 15 मिनट का सांकेतिक चक्का जाम किया। इस दौरान एनएच के एसडीओ ने 10 दिनों में मरम्मत कार्य किए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चक्का जाम समाप्त किया गया। तहसील कार्यालय के समक्ष आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस ने बताया कि अंबिकापुर से रामानुजगंज तक की सड़क की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है लगातार बारिश से बड़े बड़े गढ़ढे हो गये है जिसमें रोजाना दुर्घटना हो रही है। युवा कांग्रेस एवं क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार सड़क सुधार की मांग की जा रही है जिस ओर शासन प्रशासन के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस लिए एनएच पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। सड़क के गड्ढों को नहीं भरा जाता है तो युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन हेतु बाध्य होगी। जिसकी पूरी जबाबदारी प्रशासन की होगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस मार्ग में चलने वाली रात्रि कालीन बस रूट चेंज कर झारखंड बिहार पहुंच रही है जिससे यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों को रात्रि में गढ़वा या बिहार जाना हो तो हमें अंबिकापुर जाना पड़ रहा है जिसके बाद सुविधा मिल रही है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सिंह, उपाध्यक्ष लालसाय मिंज, राम बिहारी यादव, दीपक बुनकर, पंकज यादव, नूतन खलखो, रूपेश यादव, पार्षद राहुल भारती, सिमु अग्रवाल, सुनील भगत, जनपद सदस्य अमीन साय, शिव बालक, आलोक सिंह, जितेंद्र सोनी, सुरेश यादव, रवि सोनी, राजेन्द्र मिश्रा, प्रयाग यादव, अभय सोनी, पंकज ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

- दस दिनों में मरम्मत किए जाने का मिला आश्वासन, गड्ढों के कारण यात्री बसों ने बदले रुट

# डीजल चोर गिरोह ने ढाबा संचालक पर किया प्राणघातक हमला

**सीतापुर।** नगर समेत क्षेत्र में बढ़ते असामाजिक गतिविधियों से आम लोगो का जीना दूभर हो गया है। कार्रवाई के अभाव में असामाजिक तत्वों का हौसला दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम बलामपुर में सामने आया है जहां डीजल चोर गिरोह ने ढाबा संचालक पर इसलिए जानलेवा हमला कर दिया क्योकि वो डीजल चोर गिरोह को अपने ढाबा के सामने खड़ी गाड़यों से डीजल चोरी करने से मना करता था। जिससे नाराज होकर डीजल चोर गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में ग्राम बलामपुर के पास 45 वर्षीय ललित यादव आ. मनीराम यादव ढाबा का संचालन करता है। हमेशा की तरह मंगलवार को भी ढाबा संचालक ललित यादव अपने ढाबा में बैठा हुआ था। रात आठ बजे करीब आठ-दस की संख्या में डीजल चोर गिरोह के सदस्य ढाबा में पहुंचे और ललित यादव पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान चोरों ने डंडे से ललित यादव पर तब तक वार करते रहे जब तक वो बेहोश न हो गया। इस दौरान बीच बचाव करने जो भी आया उसे भी बेदम पीटा गया। बेदम पिटाई के बाद ललित यादव को मरा समझ चोर गिरोह के सदस्य मौके से फरार हो गए। ढाबा संचालक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि गिरोह को ढाबा से सामने खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने से मना करने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया है। ढाबा संचालक ने गिरोह को डीजल चोरी करते हुए देख लिया था। इस हमले के पीछे ग्राम विशुनपुर के अपराधी किस्म के लोगो का हाथ बताया जा रहा है। जो विगत लंबे समय से नेशनल हाइवे पर खड़ी गाडियों से डीजल चोरी करते चले आ रहे है। इनकी संख्या बल अधिक होने से डर के मारे लोग इनका विरोध नही कर पाते थे। डीजल चोर गिरोह के इस बुलंद हौसले के पीछे इनके विरुद्ध कार्रवाई का अभाव माना जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौरव कुमार पांडेय ने बताया कि मारपीट की घटना के आरोपी चिन्हांकित कर लिए गए है। इस घटना में शामिल जितने भी है उन सभी की गिरफ्तारी जल्द होगी।



- खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने से मना करता था ढाबा संचालक

## वृद्धा की जली हुई मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 70 वर्षी वृद्ध महिला एसईसीएल के मकान में अकेले निवास करती थी, जिसकी जली हुई अवस्था में लाश उसके घर के पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पुत्र के आने के बाद पुलिस द्वारा मामले में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा कि महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार पानी टंकी के एसईसीएल के मकान नंबर एम/29 में गीताश्री विश्वास उम्र लगभग 70 वर्ष] पति स्व.रविंद्रनाथ विश्वास अकेले निवास करती थी, जबकि उसका पुत्र बिलासपुर में निवास करता था बताया जाता है कि सोमवार को गीताश्री विश्वास को देखा गया था। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर जली हुई अवस्था में देखी गई।


थाने में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत व अन्य।

## पूर्व मंत्री अमरजीत गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन के दौरान उस वक्त हंगामा मच गया जब पूर्व मंत्री अमरजीत भगत को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूर्व मंत्री श्री भगत सरगुजा में खाद की किल्लत को लेकर किसानों के साथ सीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। इसके पूर्व ही पुलिस व प्रशासन ने बीच में ही उनका रास्ता रोक लिया और पूर्व मंत्री को हिरासत में लेकर कमलेश्वरपुर थाने में बैठाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर पूर्व मंत्री श्री भगत ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह प्रजातांत्रिक व्यवस्था में घोर आपत्तिजनक है।

बता दें कि क्षेत्र में इन दिनों खरीफ की खेती के कार्य में किसान जुटे हुए है लेकिन वर्तमान में खेती के लिए किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहे है ऐसे में उनकी चिताएं बढ़ गई है। इसके साथ ही नकली और अमानक खाद बीज की बातें भी सामने आ रही है। पिछले तीन दिनों से प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के साथ ही पूरी प्रदेश सरकार ही मैनपाट में मौजूद है और प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हो रही है। ऐसे में खाद की समस्याओं को प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। ब्लॉक कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल और किसानों कहना था कि उन्होंने इस मुलाक़ात के लिए पहले ही प्रशासन को सूचना दी थी लेकिन जब पूर्व मंत्री श्री भगत के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौपने निकला तो पुलिस व प्रशासन की टीम ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक लिया। यहां से पूर्व मंत्री श्री भगत, डॉ लालचंद यादव समेत सभी नेताओं को कमलेश्वरपुर थाने ले जाकर हिरासत में लिया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सीएम के मैनपाट से रवाना होने के बाद पूर्व मंत्री समेत सभी कांग्रेसियों को छोड़ दिया गया।

- खाद की कमी को लेकर जा रहे थे मुलाक़ात करने, कहा-प्रजातांत्रिक व्यवस्था में उचित नहीं

### सीएम विष्णु देव साय ने किया नवस्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण

# बुद्ध प्रतिमा की स्थापना से मैनपाट बनेगा शांति और समावेशी संस्कृति की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तीन दिनों के मैनपाट प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को होटल परिसर में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा का आनावारण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बौद्ध परंपरा की जड़ें अत्यंत गहरी हैं और भगवान बुद्ध के प्रेम, शांति एवं करुणा के संदेश को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार विकास के पथ पर अग्रसर है।

सीएम श्री साय ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। उन्होंने इस पावन अवसर पर आमंत्रण के लिए तिब्बती समुदाय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कई ऐसे स्थल हैं, जहां भगवान बुद्ध की उपासना की जाती है। सिरपुर में बौद्ध, जैन और सनातन परंपराएं एक साथ देखने को मिलती हैं, जो राज्य की समावेशी संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने दलाई लामा जी के 90वें जन्मदिन का स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन भगवान बुद्ध की करुणा, प्रेम और शांति के सिद्धांतों का सजीव प्रतीक है। आज की दुनिया के लिए उनका संदेश नई आशा और सकारात्मकता का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व भर के नेताओं ने दलाई लामा जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, जो यह दर्शाता है कि भगवान बुद्ध के विचारों का वैश्विक जीवन पर कितना गहरा प्रभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैनपाट प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से भरपूर स्थल है, जो पर्यटकों को रोमांचित करता है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, और राज्य सरकार इसके समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य की नवीन औद्योगिक नीति में पर्यटन को विशेष प्राथमिकता दी गई है, और मैनपाट जैसे क्षेत्रों में होम स्टे सुविधा शुरू करने वालों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तिब्बती सहकारी समिति की मांग पर मैनपाट स्थित सैला रिसॉर्ट से बौद्ध मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये तथा प्राचीन बौद्ध मंदिर में शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम में पहुंचे सीएम श्री साय ने पौधरोपण किया। इसके पूर्व पारंपरिक तिब्बती रीति-रिवाजों के अनुसार मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री से मुलाकात की, जिससे वातावरण उल्लासमय हो गया। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, सेटलमेंट अधिकारी सुश्री स्वांग यांग्सो, तिब्बती सहकारी समिति के अध्यक्ष तामदिंग सेरिंग, मठ प्रमुख लामा दुब्जे, लामा जिनपा सहित तिब्बती समुदाय के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।



अनावरण करते सीएम।

### पेट दर्द की दवा समझ वृद्ध ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पेट दर्द की दवा की जगह वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत गणेशपुर मोड रामनगर निवासी रूपचंद हाजरा (82 वर्ष) 8 जून की सुबह लगभग 9.30 बजे उल्टी कर रहा था। इसी दौरान परिजन ने पूछताछ की तो वृद्ध ने पेट दर्द की दवा पीने की बात बताई। इधर कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

**बैकुण्ठपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग सोनहत के द्वारा विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 10 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह होगी। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। शाला प्रवेशोत्सव को सफल बनाने के लिए सुंदरपुर संकुल क्षेत्र के विभिन्न शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पेयजल परियोजना के लिए मिली स्वीकृति

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से



चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है। अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### प्यार और सद्भाव की दे रही प्रेरणा..



**बैकुण्ठपुर।** शहर के मुख्य मार्ग में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जो यह बताने के लिए काफी है कि इंसानों के बीच भले ही दीवारे हो, लेकिन ये बेजुबान दोस्त यह संदेश दे रहे हैं कि निःस्वार्थ प्रेम की दोस्ती किसी सीमा को नहीं मानती। मासूम बछड़ा एवं कुत्ते का यह दृश्य सिर्फ एक तस्वीर नहीं बल्कि प्यार और सद्भाव की हमें प्रेरणा देने वाला है।

### गुरु पूर्णिमा के लिए संयोजकों की सूची घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा आयोजित आगामी गुरु पूर्णिमा उत्सव के लिए संयोजकों की सूची घोषित की गई है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले द्वारा दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संयोजक के रूप में प्रस्तावित किया गया है। संयोजकों में द्वारिका जायसवाल एवं राहुल सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। 10 जुलाई को जिलेभर में भाजपा द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### जनदर्शन में 20 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

### डायरिया रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

### उत्पादन रहा ठप, श्रमिकों ने जमकर बोला हल्ला

# श्रमिकों की हड़ताल से एसईसीएल को नुकसान



हड़ताल में शामिल श्रमिक।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी**

केन्द्र सरकार की श्रम नीतियों के विरोध में 9 जुलाई को देशभर में श्रमिक संगठनों ने एकजुट होकर भारत बंद का आह्वान किया है। इसके तहत कोरिया जिले में बुधवार को एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा आरओ समेत पूरे क्षेत्र में एक दिवसीय आम हड़ताल का आयोजन किया गया। इस हड़ताल में एचएमएस, एटक, इंटक, सीटू समेत सभी प्रमुख श्रमिक संगठनों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया।

हड़ताल का असर इतना व्यापक रहा कि एक भी कामगार ड्यूटी पर नहीं पहुंचा और पूरा उत्पादन कार्य पूर्णतः ठप रहा। प्रभाव इतना गहरा रहा कि कटगोड़ी साफ्ट की ओर जाने वाली बसें पूरी तरह खाली रहीं। हॉस्पिटल, स्टोर ऑफिस और महिला कर्मियों सहित सभी वर्गों ने हड़ताल में भागीदारी की। जरूरी कालीन सेवाएं भी प्रभावित हुइं, जबकि इन सेवाओं की सूची में नामित कर्मी भी कार्य पर नहीं पहुंचे। श्रमिक संगठनों ने चार श्रम संहिताओं में किए गए बदलावों को श्रमिक विरोधी बताया और इन 7 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध दर्ज किया। इसमें मजदूरी संहिता में श्रमिक विरोधी बदलाव के खिलाफ, औद्योगिक संबंध संहिता में संशोधन के खिलाफ, सामाजिक सुरक्षा संहिता में कटौती के विरोध में, कार्यस्थल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संहिता में संशोधन के खिलाफ, कोल इंडिया के निजीकरण और कोल ब्लॉकों की नीलामी नीति का विरोध, एमडीओ (माइन डेवलपर ऑपरेटर) और रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के खिलाफ, ठेका मजदूरों को एचपीसी (हाई पावर्ड कमेटी) के तहत भुगतान की मांग शामिल हैं। सरकार एक ओर जहां श्रमिकों की सेवानिवृत्ति के बाद भर्तियां नहीं कर रही, वहीं दूसरी ओर निजीकरण की रफ्तार तेज कर कोल इंडिया की सार्वजनिक छवि को कमजोर कर रही है। यूनियनों ने चेतावनी दी कि यदि नीतियों में बदलाव नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

## हड़ताल के दौरान ट्रक की चपेट में आए ठेका श्रमिक की मौत, चालक फरार

**पटना।** झिलिमिली सहक्षेत्र के पाण्डवपारा कोयला खदान में बुधवार को अखिल भारतीय आम हड़ताल के दौरान एक ठेका श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई। संयुक्त कोयला श्रमिक संगठन के बैनर तले चार प्रमुख ट्रेड यूनियनों हिन्द मजदूर सभा, एटक, इंटक और सीटू द्वारा कोयला परिवहन और उत्पादन पूर्णतः ठप कर दिया गया था, लेकिन प्रबंधन द्वारा जबरन कोयला परिवहन शुरू कर दिया गया। शाम 4:15 बजे कोल परिवहन में लगी ट्रक क्रमांक सीजी 15 इजी 0848 का चालक राजेश, आंदोलन स्थल से जबरन ट्रक निकाल रहा था, तभी पाण्डवपारा मस्जिद दफाई निवासी 35 वर्षीय ठेका श्रमिक संदीप ग्वाले ट्रक की चपेट में आ गया। उसका दायां पैर बुरी तरह कुचल गया और शरीर में गंभीर चोटें आईं। घायल संदीप को तत्काल पटना चिकित्सालय लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला और कुछ दूरी पर ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद मौके पर तनाव फैल गया।



मृतक।

### जांच की जा रही

घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामले ने अब तूल पकड़ लिया है और मजदूर संगठनों में भारी असंतोष व्याप्त है।

-राजेश तिवारी
थाना प्रभारी पटना



प्रदर्शन करते श्रमिक।



# कल से होगी सावन माह की शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

- शिवालयों में गूंजेगा बम-बम भोले, होगी विशेष पूजा-अर्चना

श्रावण (सावन) माह की पावन शुरूआत इस वर्ष 11 जुलाई शुक्रवार से होगी। यह माह भगवान शिव को समर्पित होता है और पूरे महीने श्रद्धालु भोलेनाथ की पूजा-अर्चना, व्रत एवं जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित करते हैं।

श्रावण मास के दौरान प्रत्येक सोमवार को श्रावण सोमवारी व्रत रखा जाता है, जिसमें भक्तजन उपवास रखते हैं और शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद व बेलपत्र अर्पित कर शिव आराधना करते हैं। इस बार सावन का आरंभ शुक्रवार से होने के कारण धार्मिक दृष्टि से इसे विशेष फलदायी माना जा रहा है। श्रद्धालुओं के अनुसार यह दिन मां लक्ष्मी और भगवान शिव दोनों के पूजन के लिए श्रेष्ठ होता है। सावन माह के आगमन को देखते हुए स्थानीय शिव मंदिरों को सजाया जा रहा है। मंदिर समितियों द्वारा जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, शिवपुराण पाठ जैसे धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### कांवड़ यात्रा पर रहेगा विशेष उत्साह

सावन में कांवड़ यात्रा का भी विशेष महत्व है, जिसमें श्रद्धालु पवित्र नदियों से जल भरकर शिवालयों में अर्पित करते हैं। सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर प्रशासन भी तैयारियों में जुटा है।

---

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य को नोटिस




**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरचा कॉलरी स्थित दाखिले के नाम पर अवैध वसूली और भेदभावपूर्ण व्यवहार की शिकायत सामने आई।

इसे लेकर एक अभिभावक ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन विशेष पहचान वालों, संरक्षित वर्गों और रूपए देने वालों को प्राथमिकता देता है, जो अभिभावक रूपए नहीं देते, उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सीट फुल हो गई है। इतना ही नहीं शिकायत में यह भी उल्लेखित है कि लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों की सीटें, यदि वे दाखिला नहीं लेते, तो उन्हें भी मनमाने ढंग से भर दिया जाता है। जब अभिभावक सवाल करते हैं, तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बिजेन्द्र मानिकपुरी पर सीधा आरोप लगाया गया है कि वे न केवल अभिभावकों को अपमानित करते हैं, बल्कि दस्तावेज सत्यापन जैसे बुनियादी कार्यों के दौरान भी आम नागरिकों के साथ तिरस्कारपूर्ण व्यवहार करते हैं। यह रवैया विद्यालय की सामाजिक छवि और शैक्षणिक मर्यादा को नुकसान पहुंचा रहा है। शिकायत मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## मानवता, साहस और टीम वर्क की मिसाल बने चिरमिरी के युवा

**मनेन्द्रगढ़।** चिरमिरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 34 निवासी युवाओं ने मानवता, निर्भिकता और टीमवर्क की ऐसी मिसाल पेश की है, जो समाज को प्रेरणा देने वाली है। जंगल में लकड़ी लेने गई एक महिला दो दिनों से गहरी खाई में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी, जिसे देखकर युवाओं ने बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और उसकी जान बचाई।

- 5 किलोमीटर पैदल सफर, खाई, अजगर और नाले के बीच घायल महिला की जान बचाई

इस साहसी अभियान में मुख्य भूमिका निभाने वाले युवाओं में निशांत, शनि, मोंटी, सुभाष महतो, आरकेश (मंटू पटेल), अंशु रजवाड़े और धीरज कुमार शामिल हैं। सबसे पहले निशांत, सनी और मोंटी को जंगल में नाले के पास खाई में गिरी महिला दिखाई दी। उन्होंने तुरंत राहुल भाई पटेल को इसकी सूचना दी। श्री पटेल ने आसपास के क्षेत्रों, विशेषकर खड़गवां में महिला की पहचान की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर कोई भी उसे लेने जाने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद भी हार न मानते हुए उन्होंने एक टीम तैयार की और बचाव कार्य को अंजाम दिया।





### सम्मान और प्रेरणा का पात्र

समाज को चाहिए कि ऐसे युवाओं की हौसला अफजाई करे और प्रशासन स्तर पर उन्हें सम्मानित किया जाए, ताकि ऐसे कार्यों के लिए और भी लोग प्रेरित हो सकें।

### रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रमुख चुनौतियां

गहरी खाई से महिला को साड़ी और डंडे की मदद से बाहर निकाला गया। 5 किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ी, जिसमें घना जंगल, नाले, गहरा पानी, अजगर और उसके बच्चे जैसी कठिनाइयां थीं। जोखिम उठाते हुए भी युवाओं ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना महिला को खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यह कार्य सिर्फ साहस का नहीं, बल्कि जीवन के प्रति संवेदनशीलता और समाज के प्रति कर्तव्य बोध का परिचायक है।

## पीएम पोषण निर्माण योजनांतर्गत कन्या विद्यालय में न्योता भोज



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया।

यह आयोजन विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक नंदलाल सोनी एवं वर्तमान प्राचार्य एएल गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को पोषणयुक्त भोजन के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा के बीच सामंजस्य स्थापित करना रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह योजना पूरी तरह से स्वैच्छिक है, जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था या सामाजिक संगठन किसी विशेष अवसर पर विद्यालयों में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में भाग ले सकता है, इससे सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बच्चों को बेहतर पोषण मिलता है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पोषण शक्ति निर्माण योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा विशेष अवसरों पर और भी अधिक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने इसे शिक्षकों और विद्यार्थियों के आपसी रिश्तों को मधुर बनाने वाला कार्यक्रम बताया और सभी छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पार्षद श्रीमती शिल्पी गुप्ता, एसएमडी अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी, श्रीमती धर्मवती रजवाड़े, एसएमडीसी सदस्य महेन्द्र बैद्य पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय प्रकाश तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक निलेश शुक्ला, एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट, सहायक परियोजना अधिकारी जयनाथ बाजपेयी, संकुल समन्वयक संजय यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के तृतीय श्रेणी लिपिकों को सहायक ग्रेड-2 में पदोन्नति तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड 3 में पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान दिए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना शाखा द्वारा कार्रवाई की जा रही है, जारी जानकारी के अनुसार जिन कर्मचारियों के नाम संलग्न सूची में नहीं हैं अथवा नाम होने के बावजूद उनका गोपनीय प्रतिवेदन या अचल संपत्ति विवरण कार्यालय में जमा नहीं है, ऐसे कर्मचारियों से आग्रह किया गया है कि वे संबंधित दस्तावेज 14 जुलाई को सायं 4 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण का शपथ ग्रहण समारोह 12 को





**मनेन्द्रगढ़।** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण का शपथ ग्रहण समारोह 12 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल हसदेव इन में आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर क्लब की नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती बबीता अग्रवाल, सचिव श्रीमती मधु जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती सविता अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण विधिवत शपथ लेंगे। सभी माइक्रो चेयरपर्सन चेयरपर्सन का भी शपथ ग्रहण पीडीपी अनीता फरमानिया के द्वारा शपथ ग्रहण कराया जाएगा। क्लब के उद्देश्यों के प्रति समर्पण और सामाजिक सेवा की भावना को लेकर यह आयोजन विशेष महत्व रखता है।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम




**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 9 जुलाई को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यह आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य नवयुवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और वोटर आईडी कार्ड बनवाने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कुमार डे द्वारा छात्राओं को लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भूमिका समझाने और इपिक कार्ड की उपयोगिता बताने से हुई।

### विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे स्वास्थ्य अधिकारी

# ड्यूटी से स्वास्थ्य कर्मी गैरहाजिर, कटेगा वेतन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर**



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह व उनकी टीम जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करना एवं व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानना था। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर खांडा, गिरजापुर, महोरा, सरभोका तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेंगनी का जायजा लिया गया। खांडा केन्द्र में साफ-सफाई, बागवानी व्यवस्था और फ्लेक्स बैनर को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।

गिरजापुर केन्द्र में आरसीएच रजिस्टर, एनसीडी रजिस्टर, औषधि संधारण एवं एचआरपी मरीजों की सूची का समुचित प्रबंधन न होने पर सुधारात्मक निर्देश दिए गए। इसी तरह टेंगनी केन्द्र में आईपीडी रजिस्टर, एएनसी जांच, दवा वितरण कक्ष, स्टोर एवं प्रसव कक्ष की जांच की गई। सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। प्रभारी को जरूरी व्यवस्थागत सुधार करने को कहा गया। वहीं सरभोका केन्द्र में एनसीडी रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों का महीनों से संधारण नहीं किया गया था। साथ ही अस्पताल में पर्याप्त साफ-सफाई भी नहीं पाई गई। इस लापरवाही पर सभी संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सबसे गंभीर स्थिति महोरा केन्द्र में पाई गई, जहां निरीक्षण के समय एक भी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नहीं था। इस पर उनके एक दिन का वेतन काटने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड निर्माण के लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निरीक्षण दल ने पटना क्षेत्र की दवा दुकानों का भी जायजा लिया।

### निबंध प्रतियोगिता में एश्वर्या को प्रथम पुरस्कार



**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के तर्ज पर हिंदी साहित्य भारती जिला इकाई के संयोजक सतीश उपाध्याय ने ऑपरेशन सिंदूर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसमें प्रथम प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गई थी। हिंदी साहित्य भारती के सौजन्य से आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में वार्ड नंबर 10 की ऐश्वर्या गर्ग को प्रथम पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। पेशे से सिविल इंजीनियर यश गर्ग की पत्नी ऐश्वर्या गर्ग राजनांदगांव में कम्युनिटी बेस्ड आई हॉस्पिटल में नेत्र सहायक अधिकारी के रूप में कार्य कर चुकी हैं।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

डॉ. भुवन शर्मा
MD, DM (Neurology)
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
• लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
• दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
• पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द

डॉ. बी. मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in Pain Management)
Interventional Pain Physician
• सुईनुमा उपकरण/दूरबिन द्वारा स्लिप डिस्क को निकालना
• कमर दर्द, गर्दन, पीठ का दर्द एवं हाथ का दर्द
• जोड़ों का दर्द, टेनिस एल्बो, एड़ी का दर्द

डॉ.संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD, Medicne (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanasi
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
+ गैस, उल्टी की समस्या, भूख न लगना, पेट दर्द
+ पीलिया, पित्त की समस्या, क्रोनिक पेनक्रियटाइटिस
+ सीने में जलन, खाना एवं पानी का अटकना

सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites

डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर

डॉ.महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB (Haderbad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
• ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या
• स्पोंडिलिसिस, स्पाइन की समस्या
• हाथ, पीठ, तालु या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना

13 जुलाई 2025 माह के दुसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### जनपद सभाकक्ष में मनाया गया पंचायत दिवस

**कुसमी।** जनपद सभाकक्ष में आज पंचायत सचिव दिवस का आयोजन सचिव संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी कहा कि सचिव के बिना ग्राम पंचायत के विकास की परिकल्पना नहीं कि जा सकतीं, सचिव ही ऐसा है जिसे पंचायत के सभी व्यक्ति की जानकारी रहती है। शासन की समस्त योजना को धरातल पर विकास कार्य करने में सराहनीय योगदान होता है। हम सभी को मिलकर जनपद पंचायत को अग्रणी बनाने में भरपूर कोशिश रहेगी। सचिव परिवार संघ के साथ के साथ पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि जिन सचिव का वेतन किसी भी कारण से रुके हुए हैं उन्हें संबंधित लिपिक संदीप सिन्हा को तत्काल बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संतोष राम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, देवसाय भगत, धनीराम भगत, महेश बुनकर सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संजय पैकरा द्वारा किया गया।

### मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट और गाइड विद्यार्थियों ने किया पौध रोपण



**अम्बिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम थीम अंतर्गत जिले में आज वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मैनपाट स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के सभी कैबिनेट मंत्री, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा वन विभाग के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के सीनियर रोवर्स ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पौध रोपण किया। आज मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट और गाइड विद्यार्थियों ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने अन्य विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सहयोग दिया।

### पूर्व मंत्री को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन : परवेज आलम

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने एक प्रेम विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन दिनों किसान खाद-बीज की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। खेती-किसानी पर निर्भर राज्य के अन्नदाता दिन-प्रतिदिन लंबी कतारों, कालाबाजारी के शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की इच्छा जताई थी, ताकि किसानों की समस्याओं को सीधे सरकार के समक्ष रखा जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि एक जनप्रतिनिधि और किसानों के हितों की आवाज़ को सुनने के बजाय, पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें मिलने से पहले ही हिरासत में ले लिया गया। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि किसानों की आवाज़ को दबाने का शर्मनाक प्रयास भी है।

## पूरे सावन 24 घंटे कांवर यात्रियों के लिए खुला रहेगा मांगलिक भवन

# कांवरिया सेवा समिति ने मांगलिक भवन में की कांवर यात्रियों के रूकने व भोजन की व्यवस्था



पहले जत्थे का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा पहली कांवरियों की टोली

झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाली कावड़ यात्रियों के निशुल्क रुकने एवं भोजन की व्यवस्था नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मांगलिक भवन में कांवरिया सेवा समिति द्वारा किया गया है। समिति प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ आज शुभारंभ हुआ। कांवरियों का पहला जत्था पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा था। कावड़ यात्रियों ने रामानुजगंज में रुकने एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था साफ सफाई की जमकर सराहना की।

गौरतलब है कि शुक्रवार से श्रावण मास प्रारंभ होने वाला है उसके पूर्व से ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के कावड़ यात्री भी इसी रास्ते से झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं। विगत कुछ वर्षों से नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में कांवरिया सेवा समिति के माध्यम से नगर में कावड़ यात्रियो के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रारंभ की गई। मांगलिक भवन को कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था के पूर्व साफ सुथरा एवं सुसज्जित किया गया है जो पूरे सावन मास में 24 घंटे कावड़ यात्रियों के लिए खुला रहेगा। मंगलवार की देर शाम पुजारी विनय पांडे द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोजन सेवा का शुभारंभ कराया गया। यह निशुल्क सेवा पूरे श्रावण मास यहां चलेगी।

**कैसे पहुंचे मांगलिक भवन**

अंबिकापुर से 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामानुजगंज अंबिकापुर मुख्य मार्ग के अग्रसेन चौक से 500 मीटर की दूरी पर मांगलिक भवन स्थित है। यहां पहुंचने का रास्ता बिल्कुल सीधा है। कांवरिया सेवा समिति द्वारा भवन से 500 मीटर पहले से ही संकेतक लगा दिए गए हैं।

**रुक सकते हैं एक साथ 300 से अधिक लोग**

मांगलिक भवन में पर्याप्त पार्किंग के साथ-साथ ऐसी व्यवस्था की गई है कि यहां 300 से अधिक लोग एक समय में एक साथ रुक सकते हैं। कांवड़ यात्रियों के लिए 10 बड़े कमरे एवं एक बड़ा हाल हमेशा उपलब्ध रहता है।

**सेवा के लिए तत्पर पर रामानुजगंज**

कांवरिया सेवा समिति द्वारा निशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था मांगलिक भवन में की गई है जहां सेवा करने के लिए नगरवासी 24 घंटे तत्पर रहते हैं। प्रतिदिन अलग-अलग समूह के लोग सेवा के लिए सुबह से ही जुट जाते हैं। देर रात तक यहां सेवा के लिए श्रद्धालुओं का समर्पण और तत्परता देखा जा सकता है।

### 20 वर्षों से जारी है बाबा धाम की यात्रा, इस वर्ष भी जत्था निकाल सावन के पहले दिन चढ़ाएंगे जल

**अम्बिकापुर।** नगर के बिलासपुर रोड से बाबा 11 समिति के सदस्यों द्वारा लगातार 20 वर्षों से सावन के महीने में बाबा धाम की यात्रा जारी है। इस वर्ष भी सावन शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम की यात्रा के लिए बुधवार को निकला। सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं का यह जत्था बाबा धाम में भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। बता दें कि बाबा 11 समिति के सदस्य प्रतिवर्ष सावन के पहले ही बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हो जाते हैं। यह सिलसिला 20 वर्षों से अनवरत जारी है। इस वर्ष सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसे लेकर समिति के श्रद्धालु बुधवार को बाबा धाम यात्रा के लिए रवाना हुए।



रवाना होने से पहले श्रद्धालु सबसे पहले मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना किए। श्रद्धालुओं में जयशंकर साहू, गांधी पासवान, अविनाश तिवारी, वीर यादव सहित अन्य मौजूद थे। सावन के पहले दिन भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के बाद यह जत्था वापस होगा।

## एप के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर 20 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार



बलरामपुर जिले की चलगली पुलिस ने अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर ऑनलाइन एप के माध्यम से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने लोगों से 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी की है। पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार एन्टो फागस्टा ऐप के प्रमोटरों-संचालकों द्वारा मार्च से सितंबर 2024 के मध्य चलगली क्षेत्र में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर अनेकों ग्रामीणों से ऑनलाइन एप के माध्यम से रुपए लगवाए। आरोपियों ने सिर्फ चलगली क्षेत्र में ही 20 लाख 81 हजार 827 रूपए की ठगी की गई। ठगी के शिकायत की जांच की पुष्टि के बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 319 (2) BNS व आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपियों ने ग्रामीणों को एप के प्रकार प्रसार के लिए कुछ मोबाइल नम्बर से वाट्सएप कॉल से फोन कर पैसा लगाने का झांसा दिया। ऐसे में एसपी वैभव बैंकर, एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी एसडीओपी रामअवतार ध्रुव के निर्देशन में पुलिस ने मोबाइल नम्बर के आधार पर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी परितोष मन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने परितोष कंस्ट्रक्शन फर्म नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक व आईडीबीआई बैंक में खाता खोलवाकर उन खातों में ग्रामीणों का पैसा प्राप्त कर ठगी की। पुलिस की जांच में खातों से लाखों रुपए के लेनदेन की पुष्टि भी हुई है।

पुलिस ने मामले में आरोपी मूलतः पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदनीपुर कोलाघाट कोलागछिया निवासी 42 वर्षीय परितोष मन्ना आ. नीतई मन्ना को महाराष्ट्र के नागपुर प्रेमनगर से गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चलगली बीएल भारद्वाज, आरक्षक संजय जायसवाल, राजकिशोर पैकरा, राजकुमार सिंह सक्रिय रहे।

## मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- उत्पादन कार्य का किया अवलोकन



**सूरजपुर।** शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य का निरीक्षण कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा किया गया। सहायक संचालक मछली पालन एमएस सोनवानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को प्राप्त लक्ष्य स्पान उत्पादन 400 लाख एवं स्टैण्डर्ड फ्राई उत्पादन 80 लाख से अवगत कराया गया। इसके विरुद्ध में वर्तमान तक 120 लाख स्पान उत्पादन, प्राप्त कर लिया गया है और आगे भी कार्य जारी है। कलेक्टर द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, स्पॉनिंग पूल, इनक्यूबेशन पूल, प्रजनक पोखर, संवर्धन पोखरों का अवलोकन कर स्पॉन, फ्राई, फिंगरलिंग की उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। सहायक संचालक ने बताया कि जिले के मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत मत्स्य कृषकों को माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज फिंगरलिंग वितरण करना प्रारंभ कर दिया जाएगा।

शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत पंचायत के तालाबों को 10 वर्षीय लीज पर पट्टे में लेकर मछली व्यवसाय करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े सदस्यों के साथ कलेक्टर द्वारा चर्चा किया गया। जहां समूह के सदस्यों ने मौसमी तालाबों में मछली का उत्पादन कम एवं आमदनी 2 हजार रूपए होना बताया गया जो कि काफी कम है। तालाब डबरियों में कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, कामन कार्प मछलियों के वृद्धि हेतु कम से कम 1 से 1.50 किलो होने पर ही बाजार में विक्रय करें। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत पोण्ड लाईनर निर्माण कर पंगेशियस एवं तिलापिया प्रजाति का पालन कर मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान को निर्देशित करते हुए कम से कम 100 किसानों को आजीविका गतिविधि से जोड़कर नारी शक्ति को बढ़ावा देने मत्स्य पालन को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने तथा अपने पास जो संसाधन है उसको और बेहतर कैसे करें जिससे अधिक से अधिक कृषकों लाभान्वित कर सकें। इसकी कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिपं सीईओ द्वारा जानकारी दी गई कि मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित 981 डबरियां एवं मोर गांव मोर पानी के तहत निर्मित 90 जल संरचना और अमृत सरोवर तालाबों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ तालाब/डबरियों के मेढ़ पर सब्जी एवं फलदार पौधे लगाने हेतु कार्य योजना तैयार किया जाएगा। संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान के फाउण्डर भूपेन्द्र बहादूर सिंह एवं नेचुरल फार्मिंग जल जीवन मिशन से सौरभ देवदत्त द्वारा जानकारी दी गई कि विकासखण्ड प्रतापपुर में 391 भैयाथान में 175 एवं ओड़गी में 134 डबरियों का मत्स्य उत्पादन बढ़ाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। इस दौरान रामलाल मरावी, मनोज सिंह, गौतम राजवाड़े, शिवनारायण यादव, श्रीमती माधुरी भण्डारी, सुधाकर बिसेन, मुकेश कुमार राजवाड़े, छोटेलाल तिर्की, सतीष तिग्गा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनोखी सोच द्वारा असहाय परिवार के व्यक्ति का कराया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच एक समाज सेवी संस्था जो मानवीय संवेदनाओं एवं मूल्यों को निभाने में अग्रणी रहती है। संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने आज एक निर्धन व्यक्ति का दाह संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न कराया।

विदित हो कि महामायापारा निवासी बंटी कश्यप (35 वर्ष) की मृत्यु बीती रात तालाब में डूबने से हो गई। उनके पिता का स्व. देवानंद कश्यप का देहांत 2 माह पूर्व ही हुआ है। परिवार अति निर्धन एवं असहाय है और दाह संस्कार करने में भी सक्षम नहीं है। मृतक बंटी कश्यप की भाभी द्वारा अंतिम संस्कार हेतु संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू से सम्पर्क किया गया। सामाजिक सरोकार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सूर्य प्रकाश साहू के साथ में अनोखी सोच के सदस्यों ने आवश्यक सामग्री जुटाकर पूरे विधि- विधान से मृतात्मा का दाह संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न करा के संवेदनशीलता, दयालुता का उदाहरण प्रस्तुत किया। मृत देह को



मुखाग्नि उनके 10 वर्षीय भतीजे आदित्य द्वारा किया गया। , विदित हो कि 2 माह पूर्व आदित्य ने अपने स्व. दादा एवं 2 साल पूर्व अपने पिता को भी मुखाग्नि दी थी। इस परिवार को अब संभालने की पूर्ण जिम्मेदारी अब 10 वर्षीय आदित्य के मासूम कंधों पर ही है। जिसे देखते हुए अनोखी सोच संस्था द्वारा आगे भी इस परिवार के जीवन-यापन से सम्बंधित सभी जिम्मेदारियों को पूरा किया जाएगा।

इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू के साथ पंकज चौधरी, मोती ताम्रकार, राकेश शुक्ला, विजय बंसल, चंद्रप्रताप सिंह, भोला रक्सेल, संजू चटर्जी, मुकेश सोनी, सुनील साहू, रुपेश बेहरा, समित मुंडा, लालजी साहू, विशाल साहू, देव साहू, निशांत, नीरज, नितेश, कार्तिक, पंकज, उदय साहू, रमेश साहू, प्रदीप साहू, सोनू मुदलियार, विकास साहू, बनाफर, गजानंद साहू, गुड्डु, भक्कू मुंडा, सूरज साहू, अविनाश साहू, सचिन, संदीप दास, सौरभ दास, मनोज अग्रवाल, संजय साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202507020700052**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2024-2025

अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-संगीता अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदिका श्रीमती संगीता अग्रवाल पत्नी राकेश अग्रवाल, निवासी अग्रसेन वार्ड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिका ने निलाभ शर्मा वगै. से ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4555/1 में से रकबा 0.011 हे. भूमि विधिवत बिक्रीनामा दिनांक 07.07.2008 के माध्यम से क्रय किया गया था, उक्त विक्रय पत्र में त्रुटिवश खसरा नंबर 4554/1 दर्ज हो गया था तथा नामांतरण पश्चात खसरा नंबर 4554/9 प्राप्त हुआ। विक्रय पत्र में खसरा नंबर गलत अंकित हो जाने के कारण खसरा नंबर 4555/1 में से रकबा 0.011 हे. करने हेतु सुधार पत्र दिनांक 23.05.2025 को निष्पादित कराया गया है। सुधार पत्र के आधार पर खसरा नंबर 4554/9 के स्थान पर खसरा नंबर 4555/1 में से रकबा 0.011 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08.08.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/07/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर), फिशर, पाइलोनाइडल साइनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

डॉ. एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 24 जुलाई 2025
दिन - गुरूवार
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय - सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
दिनांक - 20 जुलाई 2025, रविवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, Dr. NB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 19 जुलाई 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसिन)
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनांक :- 06 जुलाई 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 12 जुलाई, 2025
समय : 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
07774-221101, 9407910331
9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

TOP IN SURGUJA

बैठने का समय :-
सुबह - 9:30 से 1:30 बजे तक
शाम - 6:00 से 8:00 बजे तक
डॉ. चंद्रांशु त्रिपाठी
श्री राम हॉस्पिटल
शितला वार्ड, अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
जानकारी व पंजीयन हेतु 8770785415, 07774-220208

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ. आशु जैन
MBBS, MS., M.CH Neuro Surgeon
डॉ. विनय कुमार ए.वी.
एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी
डॉ. आकाश गर्ग
6 जुलाई 2025 दिन - रविवार

के आर टेक्निकल कॉलेज
(A POST GRADUATE COLLEGE)
ADMISSION OPEN 2025-26 (REGULAR COURSE)
DCA BCA BBA BCOM BSC BA MSC MSC MSC MSC MCOM MSW MA PGDBM PGDCA
नवीन कॉलेज कैंपस
सिटी ऑफिस
8435061866
9926020334
9926513170

## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार का दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव आज व कल

**बिश्रामपुर।** श्रद्धा, भक्ति और गुरुत्व की भावना से ओतप्रोत पावन पर्व गुरू पूर्णिमा का आयोजन गायत्री परिवार बिश्रामपुर द्वारा 9 व 10 जुलाई को भव्य रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा ऐसी बनाई गई है, जिससे श्रद्धालु केवल धार्मिक अनुष्ठान में नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नयन की दिशा में भी जुड़ाव महसूस करें। गौरतलब है कि गुरू पूर्णिमा के स्वागत में 9 जुलाई बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक अखंड गायत्री मंत्र जाप का आयोजन किया गया। इस दौरान साधकों ने सामूहिक रूप से 12 घंटे तक एक ही स्थान पर बैठकर गायत्री महामंत्र का उच्चारण करते हुए वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यहां पर गुरू पूर्णिमा के पावन दिन 10 जुलाई गुरुवार को प्रातः 8 बजे से यज्ञशाला में हवन कार्यक्रम आरंभ होगा। गायत्री परिवार के परंपरागत वैदिक विधानों के अनुसार यज्ञ की अग्नि में आहुतियां समर्पित कर सभी नगरवासियों की मंगलकामना और आत्मिक शुद्धि की प्रार्थना की जाएगी।

### खाद की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा, नमूना जांच में खाद की गुणवत्ता पाई गई सही

**सीतापुर।** कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नकली खाद की आशंका के आधार पर सहकारी समिति भुसु में भंडारित खाद की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है। नमूना जांच के आधार पर मानक अनुसार खाद की गुणवत्ता पाए जाने के बाद प्रतिबंध हटाया गया है। इस संबंध में उपसंचालक कृषि द्वार समिति में भंडारित खाद की बिक्री के आदेश जारी कर दिए गए हैं। विदित हो पखवाड़े भर पहले कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भुसु का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को वहां बिना बैच एवं टैग के भारी मात्रा में खाद मिला था। समिति में नकली खाद बिक्री की आशंका पर जांच टीम ने 128.70 मीट्रिक टन यूरिया खाद की बिक्री पर रोक लगाते हुए सील कर दिया था। इस दौरान लैब में नमूना जांच के लिए अधिकारी सैंपल अपने साथ ले गए थे जिसकी गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था। परीक्षण के दौरान खाद की गुणवत्ता सही पाई गई जिसके आधार पर उपसंचालक कृषि ने आदेश जारी करते हुए खाद पर लगा प्रतिबंध हटा दिया। प्रतिबंध हटते ही समिति में खाद की बिक्री का रास्ता साफ हो गया।

### खेत जाने निकले युवक की चौथे दिन नाले में मिली लाश

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर पंडरीपानी निवासी 35 वर्षीय युवक लल्लू राम आत्मज सजन राम का शव आज बुधवार को बेलसोता नाले में पड़ा हूआ मिला।ग्रामीणों की सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।बताया गया कि अभी चार दिनों पूर्व हो रहे तेज बारिश के दौरान नदी नाले उफान पर थे,उसी दौरान राजापुर निवासी युवक लल्लू राम अपने घर से खेत जाने कहकर निकला था, तब से वह लापता हो गया था ,परिजन उसकी पता तलाश में जुटे थे, तभी बुधवार को उसका शव बेलसोता नाला में पड़ा हूआ देखा गया।पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### नवागढ़ तालाब में डूबने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** महामाया पारा निवासी विशाल उर्फ बंटी कश्यप आ. स्व. सुशील कश्यप (35 वर्ष) गत दिन दोस्त के साथ निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। आज सुबह मोहल्ले स्थित नवागढ़ नवा तालाब में युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि युवक कुछ दिनों से ज्यादा शराब पी रहा था। परिजन सहित पुलिस ने अंदेशा जताया है कि युवक नशे की हालत में तालाब में गिर गया जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## श्रमिक संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

# बिश्रामपुर-भटगांव खदानों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा मिलाजुला असर



गायत्री खदान के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते संगठन पदाधिकारी।



सड़क पर प्रदर्शन करते श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों एवं चार श्रम कोड बिल के खिलाफ बुधवार 9 जुलाई को संयुक्त मोर्चा द्वारा कोयला उद्योग में बुलाए गए एक दिवसीय हड़ताल का एसईसीएल में मिला जुला असर दिखा। संयुक्त मोर्चा की यूनियनों के अनुसार एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में एसईसीएल के लगभग 80% प्रतिशत कोल कर्मचारियों ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहकर हड़ताल को सफल बनाया है।

**खास बात**

- केन्द्र सरकार की नीतियों की जमकर कर की आलोचना

एसकेएमएस एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा, एसईकेएमसी इंटक के अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह तथा सीटू के महासचिव वीएम मनोहर ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र की सरकार द्वारा कोरोना काल के समय जब पूरा देश लगभग रुक सा गया था, ऐसे में केंद्र की सरकार ने गहमागहमी के दौरान 4 श्रम कोड बिल पास कराया,यह 4 कोड बिल देश के श्रमिकों के ऊपर बहुत बड़ा हमला है।देश की आजादी के पहले और बाद में देश के मेहनतकशों ने लड़ते हुए अपना बलिदान देकर 44 श्रम कानून बनवाये थे, यह सरकार 29 श्रम कानून को रद्द कर उद्योगपतियों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा मिले, इसके लिए 4 श्रम कोड बिल बनाया है। तीनो नेताओं ने बताया कि देश के सभी ट्रेड यूनियन फेडरेशन ने संयुक्त रूप से मिलकर एसईसीएल सहित कोल इंडिया में एक दिवसीय हड़ताल की है,एसईसीएल में करीब 80 प्रतिशत कर्मचारी के हड़ताल में होने से कोयला उत्पादन में व्यापक असर हुआ है। संयुक्त मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि देश के सरकारी कारखानों, संस्थाओं का निजीकरण करना सरकार बंद करे। मेडिकल अनफिट से रोक हटाई जाये,भू विस्थापितों को उचित मुआवजा त्वरित नौकरी तथा विस्थापन की ठोस व्यवस्था हो, एसईसीएल में भ्रष्टाचार पर रोक लगे, ठेका श्रमिकों को हाई पवार का वेतन भुगतान हो, महंगाई पर रोक लगे, न्यूनतम मजदूरी 26 हजार तय हो,ठेकेदारी प्रथा खत्म कर ठेका कर्मचारियों को नियमित करना, बुनियादी अधिकारों की सुरक्षा वेतन में बढ़ोतरी करना, कोल कर्मचारी परिवार की सुरक्षा तथा प्रबंधन की दमनकारी शोषणकारी कार्यवाही समाप्त होनी चाहिए।

### पहली पाली में सामान्य दिनों के मुकाबले आधे कामगार ही पहुंचे

एक दिवसीय हड़ताल का एसईसीएल में मिलजुला असर बताया गया है।पूरे एसईसीएल क्षेत्रों में सामान्य दिनों के मुकाबले 51 प्रतिशत मजदूर काम पर पहुंचे।एसईसीएल कंपनी प्रबंधन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सुबह की पाली और जनरल शिफ्ट में उपस्थिति करीब 51 प्रतिशत रही,दूसरी पाली में उपस्थिति तथा खदानों का कार्य संचालन सामान्य रहा।एसईसीएल की कुल 20 खुली खदानों में से 15 खदाने सामान्य रूप से संचालित रही, वहीं चार खदान आंशिक रूप से प्रभावित रहीं।भूमिगत खदानों में अपेक्षित रूप से असर देखा गया, यहां 37 भूमिगत खदानों में 28 खदानों में सामान्य रूप से कार्य हुआ जो कि आंशिक रूप से प्रभावित दिखी।गौरतलब है कि एसईसीएल का अधिकतम उत्पादन खुली खदानों के जरिए होता है।

### बिश्रामपुर और भटगांव में कोल उत्पादन पर आंशिक असर

राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिश्रामपुर और भटगांव में उत्पादन पर आंशिक रूप से असर दिखा।प्रबंधन के मुताबिक सामान्य दिनों के अपेक्षाकृत आधे मजदूर काम पर आए लेकिन इसका कोल उत्पादन पर विशेष असर नहीं होगा।बिश्रामपुर क्षेत्र वर्तमान में सत्रह से अठारह सौ टन रोजाना कोयला उत्पादन कर रही है जबकि भटगांव क्षेत्र रोजाना करीब 12 हजार टन कोयला उत्पादन कर रही है।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सूरजपुर को मिली शैक्षणिक समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले के युवाओं को एक बड़ी सौगात मिली है।



- 441 लाख की लागत से बनेगी सेंट्रल लाइब्रेरी

राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सूरजपुर में सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग ज़ोन के निर्माण हेतु 441.49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह अत्याधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी 250 सीटों की क्षमता के साथ विकसित की जाएगी, जिसमें डिजिटल स्टडी मटेरियल, ई-लर्निंग संसाधन, शांत रीडिंग ज़ोन, इंटरनेट सुविधा और पुस्तकालय प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा। इसका लाभ स्कूली विद्यार्थियों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और साहित्य प्रेमियों तक को मिलेगा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी केवल भवन नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल शैक्षणिक सशक्तिकरण, क्षेत्रीय संतुलन और अध्ययनशील वातावरण को मजबूती देने में मील का पत्थर साबित होगी।

### प्राचार्य के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन

**प्रतापपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था प्रतापपुर में प्राचार्य द्वारा छात्रों के साथ अभद्रता व्यवहार करने पर आज एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को धमकी देने की बात सामने आई थी और आदिवासी छात्र-छात्राओं को संस्था से बाहर निकाला गया था। जिसे लेकर एनएसयूआई जिला सचिव दिलशाद अंसारी द्वारा ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्राचार्य के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है।



कार्रवाई नहीं की जाने पर एनएसयूआई ने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान देवेंद्र पैकरा, आशी यादव, दिव्या यादव, अंजली सिंह, राजीव रवि, सुरेखा, सुषमा, साक्षी, राजू पैकरा, रितु नायक, मनीष धुर्वे, अनीता, सरस्वती, अनिला, रीता पोया, हरिकेश, संगीता सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)



DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

# मवेशी तस्करी कर रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे, वाहन छोड़ भागे तीन आरोपी

**प्रतापपुर।** मवेशी तस्करी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि तीन चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 3 लाख 60 हजार कीमत के मवेशी व 18 लाख कीमत के वाहन जब्त किया है।

अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश पर क्षेत्र में गश्त कर रहे चंदौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भटगांव की ओर से तीन पिकअप एवं एक कार से बड़ी संख्या में ठुस-ठुसकर मवेशी भर कर बनारस मार्ग से झारखंड की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी की। इसी बीच पुलिस की नाकाबंदी देखकर कार चालक गुड्डु उर्फ सइद खान व उसके साथी तीनों पिकअप वाहन को घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर महान नदी के उपर घाट के पास कार चालक गुड्डु उर्फ सईद खान को पकड़ा जबकि उसका साथी तथा तीनों पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पिकअप वाहनों की तलाशी लेने पर प्रत्येक पिकअप में 6-6 नग कुल 18मवेशी लोड़ पाया गया जिसमें से एक भैंस मृत अवस्था में मिला। कार की तलाशी लेने पर 6 हजार 500 रुपये नकद मिला। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर मवेशी की



तस्करी कर रहा था। मामले में 3 लाख 60 हजार रुपये मवेशी के अलावा पिकअप क्रमांक एमपी 66 जी 2881, पिकअप क्रमांक एमपी 66 जेडए 9050, पिकअप क्रमांक एमपी 66 जेडसी 3315, कार क्रमांक सीजी 15 बी 1135 कीमत करीब 18 लाख रुपये तथा नकदी रकम 6 हजार 500 रुपये जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10, पशु क्रूरता निवा. अधिनियम की धारा 11(घ) एवं बीएनएस की धारा 111, 325, 249 के तहत कार्रवाई करते हुए भटगांव मलगा निवासी गुड्डू उर्फ सईद खान उर्फ सईद मुबारक आ. स्व. जाकीर हुसैन (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया। मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, एएसआई सुनील भारती, एएसआई नील कुसुम बेक, प्रधान आरक्षक शैलेश सिंह, आरक्षक रविन्द्र जायसवाल, सूरज पाटिल, अमृत लाल व शिवभजन राजवाड़े सक्रिय रहे।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुन्दरपुर निवासी जगदीश कोरवा आ. चैतू कोरवा (45 वर्ष) 3 जुलाई की सुबह घर के आंगन में फिसल कर गिर गया था जिससे सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गत दिन घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### नदी पार करने के दौरान घुनघुट्टा नदी में बहा ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पुहपुटरा में उफनती घुनघुट्टा नदी को पैदल पार करने के दौरान एक ग्रामीण नदी के तेज धार में बह गया। सूचना पर पहुंचे परिजन ने नदी के आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

थक-हारकर परिजन ने उसके लापता होने की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। लखनपुर पुलिस के अनुसार पुहपुटरा निवासी बलिराम गोंड़ मंगलवार को अराह्न 1 बजे घुनघुट्टा नदी पार कर कृष्णपुर दर्रीपरा निवासी अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान नदी का बहाव तेज होने के कारण वे बह गए। सूचना पर बेटा दिलेश्वर सिंह देर शाम तक नदी के किनारे एवं आसपास के क्षेत्रों में तलाश की लेकिन पिता की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। दिलेश्वर की रिपोर्ट पर पुलिस ने बलिराम के गुमशुदगी का मामला पंजीबद्ध कर उसकी तलाश प्रारंभ कर दी है।

### पुटू बीनने गए बुजुर्ग पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र लखनपुर अंतर्गत अरगोती जंगल में पुटू, खुखड़ी संग्रह करने गए बुजुर्ग पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। भालू के हमले में गंभीर बुजुर्ग का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। ग्राम ढोढ़ाकेसरा निवासी सोमारू संता पिता बनिया संवता (61 वर्ष) मंगलवार को दोपहर अरगोती जंगल में पुटू, खुखड़ी लेने गया था। वह जंगल में घूम-घूमकर पुटू एकत्र कर रहा था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

ओम हॉस्पिटल
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
PRAKASH HOSPITAL
Vidya DIAGNOSTIC
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब अम्बिकापुर में
दिनांक : 11 जुलाई 2025
समय : सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : प्रकाश हॉस्पिटल कोठी घर के पास, जिला अस्पताल रोड, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
समय : दोपहर 1 से 3 बजे तक
स्थान : विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपरस्पेशलिटी सेंटर, पारस हाइट्स, गेहूंबारी, सीएमएचओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)



विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिवाकर पाण्डेय
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MS, M.Ch (Surgical Oncology)
Tata Memorial Hospital ,Mumbai
DNB (Surgical Oncology), FACS, FSSO (USA)
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
• स्तन में गाँठ
• मुँह में अल्सर या गले में गाँठ
• मल या मूत्रविसर्जन की आदतों में परिवर्तन
• कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
• लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
• निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
• रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL